सेवा में,

माननीय प्रभारी जनपद न्यायाधीश,

कन्नौज।

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि नवीन न्यायालय परिसर, कन्नौज में वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु संचालित निम्न ठेकों को उठाये जाने हेतु माननीय प्रभारी जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश के अनुपालन में दिनांक 19.03.2024 को मेरी अध्यक्षता में कार्यवाही की गयी। जिसमें नीलामी समिति के सदस्य श्री नन्द कुमार विशेष न्यायाधीश एस०सी/एस०टी एक्ट/ प्रभारी अधिकारी नजारत कन्नौज, उपस्थित रहे व श्रीमती रंजना सिविल जज जू०डि० उपस्थित रहीं । निम्न ठेकों को उठाये जाने के संबंध में कार्यवाही की गयी।

1. **ठेका खान-पान(कैन्टीन)**
2. **ठेका फोटोग्राफी**
3. **ठेका फोटोकापी**
4. **ठेका स्टैण्ड**
5. **ठेका फल और जूस**
6. **ठेका कृषि योग्य भूमि (10.67 बीघा (02.13 एकड़)।**
7. **ठेका स्टाम वेन्डर दुकान संख्या -01**
8. **ठेका स्टाम वेन्डर दुकान संख्या -02**
9. **ठेका स्टाम वेन्डर दुकान संख्या -03**
10. **ठेका स्टाम वेन्डर दुकान संख्या -04**

1. **ठेका खान-पान(कैन्टीन)** - खान-पान कैण्टीन का ठेका वित्तीय वर्ष 2024-2025 में ठेके को उठाये जाने हेतु सरकारी बोली दस प्रतिशत की बढोत्तरी के साथ मु० 7,70,000/- रुपये निर्धारित की गयी। ठेका कैण्टीन हेतु 04 आवेदन प्राप्त हुये थे। आवेदकों द्वारा प्रथम बोली, बोली गयी। जिसमें श्री शिवा चतुर्वेदी द्वारा 4,50,000/- , श्री मानसिंह द्वारा 5,00,000/- रुपये , श्री विकास पाठक द्वारा 5,50,000/ -रुपये व पवन कुमार द्वारा 5,60,000/- रुपये बोली गयी।आवेदकों द्वारा द्वितीय बोली श्री विकास पाठक द्वारा 5,70,000/- रुपये व श्री मानसिंह द्वारा 5,80,000/- रुपये बोली लगायी गयी जबकि सरकारी बोली 7,70,000/- रुपये निर्धारित की गयी थी, जिस कारण ठेका नहीं उठाया जा सका।

2. **ठेका फोटोग्राफी-** फोटोग्राफी का ठेका वित्तीय वर्ष 2024-2025 में ठेके को उठाये जाने हेतु सरकारी बोली दस प्रतिशत की बढोत्तरी के साथ मु० 4,73,000/- रुपये निधारित की गयी है। ठेका फोटोग्राफी हेतु मात्र 02 आवेदन प्राप्त हुए थे। आवेदकों द्वारा प्रथम बोली बोली गयी, जिसमें श्री आकाश द्वारा 4,73,000, रुपये व श्री शिवम सिंह द्वारा 4,75,000/- रुपये, आवेदकों द्वारा द्वितीय बोली श्री आकाश द्वारा 4,76,000/- रुपये व श्री शिवम सिंह द्वारा 4,77,000/- रुपये बोली गयी । जिसमें अंतिम व अधीकतम बोली श्री शिवम सिंह द्वारा 4,77,000/- रुपये लगायी गयी। श्री शिवम सिंह द्वारा मु० 40,000/- रुपये कैशियर के पास जमानत के रूप में जमा किये गये है।

3. **ठेका फोटोकापी-** ठेका फोटोकापी के लिए वित्तीय वर्ष 2024-2025 में ठेके को उठाये जाने हेतु सरकारी बोली दस प्रतिशत की बढोत्तरी के साथ 5,44,500/- रुपये निर्धारित की गयी है। फोटोकापी हेतु मात्र 02 आवेदन प्राप्त हुए थे। आवेदकों द्वारा प्रथम बोली, बोली गयी जिसमें श्री सर्वेश द्वारा 3,50,000/- ,रुपये व श्री रितिक मिश्रा द्वारा 3,55,000/- ,रुपये आवेदक द्वारा द्वितीय बोली श्री रितिक मिश्रा द्वारा 5,44,500/- रुपये बोली गयी । जिसमें अंतिम व अधीकतम बोली श्री रितिक मिश्रा द्वारा 5,44,500/-रुपये लगायी गयी। श्री रितिक मिश्रा द्वारा मु० 40,000/- रुपये कैशियर के पास जमानत के रूप में जमा किये गये है।

4. **ठेका स्टैण्ड -** ठेका स्टैण्ड का ठेका वित्तीय वर्ष 2024-2025 में ठेके को उठाये जाने हेतु सरकारी बोली दस प्रतिशत की बढोत्तरी के साथ 8,70,100/- रुपये निर्धारित की गयी है। ठेका स्टैण्ड हेतु मात्र 2 आवेदन प्राप्त हुये थे । आवेदकों द्वारा प्रथम बोली, बोली गयी जिसमें श्री रजनीश दुबे द्वारा 7,00000/- रुपये व श्री राजकुमार द्वारा 7,05,000/- रुपये द्वितीय बोली श्री रजनीश दुबे द्वारा 7,06000/- रुपये व श्री राजकुमार द्वारा 7,08,000/ रुपये- लगायी गयी। जिसके बाद श्री राजकुमार द्वारा व श्री रजनीश दुबे द्वारा 16 बोली लगायी गयी। जिसमें अधीकतम बोली श्री रजनीश दुबे द्वारा 9,00000/- रुपये व श्री राजकुमार द्वारा 9,05,000/-,रुपये लगायी गयी। जिसमें अंतिम व अधीकतम बोली श्री राजकुमार द्वारा 9,05,000/- रुपये बोली गयी । श्री राजकुमार द्वारा मु० 50,000/- रुपये कैशियर के पास जमानत के रूप में जमा किये गये है।

5 . ठेका फल और जूस – ठेका फल और जूस का वित्तीय वर्ष 2024-2025 में सरकारी बोली दस प्रतिशत की बढोत्तरी के साथ 1,60,600/- रुपये निर्धारित की गयी। ठेका फल और जूस हेतु मात्र 1 आवेदन प्राप्त हुआ था। । आवेदक द्वारा प्रथम बोली, बोली गयी जिसमें श्री पंकज राठौर द्वारा 1,00000/- रुपये बोली गयी जबकि सरकारी बोली 1,60,000/- रुपये निधारित की गयी, जिस कारण ठेका नहीं उठाया जा सका।

6. ठेका कृषि योग्य भूमि (10.67 बीघा (02.13 एकड़)- ठेका कृषि योग्य भूमि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में ठेके को उठाये जाने हेतु सरकारी बोली दस प्रतिशत की बढोत्तरी के साथ 44,000/- रुपये निर्धारित की गयी है। नीलामी समिति द्वारा ठेका उठाये जाने हेतु कार्यवारी की गयी, परन्तु कोई बोली दाता उपस्थित नहीं आया। जिस कारण ठेका नहीं उठाया जा सका।

7. ठेका स्टाम वेन्डर दुकान संख्या -03 -ठेका स्टाम वेन्डर दुकान संख्या -03 का ठेका वित्तीय वर्ष 2023-2024 में मु०-21,000/- रुपये में एक वर्ष के लिए उठाया गया था। वित्तीय वर्ष 2024-2025 में ठेके को उठाये जाने हेतु सरकारी बोली दस प्रतिशत की बढोत्तरी के साथ मु० 23,100/- रुपये निधारित की गयी है। टेका स्टाम्प बेण्डर दुकान संख्या -03 पहली बोली व अंतिम बोली मु० 23,100/- रुपये रही है जो श्री रामकुमार श्रीवास्तव द्वारा बोली गयी। बोलीदाता श्री रामकुमार श्रीवास्तव द्वारा मु० 2000/- रुपये कैशियर के पास जमानत के रुप में जमा किये गये हैं।

8. ठेका स्टाम वेन्डर दुकान संख्या -04 -ठेका स्टाम वेन्डर दुकान संख्या -04 का ठेका वित्तीय वर्ष 2023-2024 में मु०-21,000/- रुपये में एक वर्ष के लिए उठाया गया था। वित्तीय वर्ष 2024-2025 में ठेके को उठाये जाने हेतु सरकारी बोली दस प्रतिशत की बढोत्तरी के साथ मु० 23,100/- रुपये निर्धारित की गयी है। ठेका स्टाम्प बेण्डर दुकान संख्या- 04 पहली बोली व अंतिम बोली मु० 23,100/- रुपये रही है जो श्रीमती रजनी पाण्डेय द्वारा बोली गयी। बोलीदाता श्रीमती रजनी पाण्डेय द्वारा मु० 2000/- रुपये कैशियर के पास जमानत के रुप में जमा किये गये हैं।

अतः श्रीमान जी से अनुरोध है कि समिति की वर्णित आख्य **क्रमांक 2 ठेका फोटोग्राफी , क्रमांक 3 ठेका फोटोकापी , क्रमांक 4 ठेका स्टैण्ड, क्रमश : ठेका स्टाम वेन्डर दुकान संख्या -03, ठेका स्टाम वेन्डर दुकान संख्या -04** के ठेके की अंतिम बोली दाताओं के पक्ष में वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए अनुमोदन हेतु माननीय प्रभारी जनपद न्यायाधीश की सेवा में सादर प्रेषित है एवं शेष ठेकों को उठाये जाने के संबंध में उचित आदेश पारित करने की कृपा करें।

श्रीमती रंजना
सिविल जज (जू० डि०)
सदस्य नीलामी समिति
कन्नौज।

श्री नन्द कुमार
विशेष न्यायाधीश एस०सी/एस०टी एक्ट
सदस्य नीलामी समिति
कन्नौज।

लोकेश वरुण 19/03/2024
अपर जिला जज कक्ष सं०-1
अध्यक्ष नीलामी समिति
कन्नौज।

<u>आदेश</u>

क्रमांक 2 ठेका फोटोग्राफी , क्रमांक 3 ठेका फोटोकापी ,क्रमांक 4 ठेका स्टैण्ड, ठेका स्टाम वेन्डर दुकान संख्या -03, ठेकास्टाम वेन्डर दुकान संख्या -04 , उपरोक्त बोली दाताओं के पक्ष में अनुमोदित किये जाते हैं। शेष ठेकों हेतु पुनः विस्तृत सूचना प्रसारण के उपरांत ठेका निलामी हेतु प्रयास किया जाए। नीलामी समिति, नीलामी प्रक्रिया , पूर्ण कर अपनी आख्या 29/03/24 तक प्रस्तुत करें।

20/03/2024
प्रभारी जनपद न्यायाधीश
कन्नौज।